पत्रांक–3ए–3–भत्ता–02/2025–............................................................/वि०

**बिहार सरकार**

**वित्त विभाग।**

प्रेषक,

**रचना पाटिल,**
सचिव (व्यय)।

सेवा में,

**महालेखाकार (ले० एवं हक०), बिहार**
वीरचंद पटेल पथ, पटना, बिहार।

**पटना, दिनांक :** ............................

**विषय :–** **बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को पुनरीक्षित वेतन संरचना के आलोक में यात्रा भत्ता के संबंध में।**

महाशय,

द्वितीय राष्ट्रीय वेतन आयोग की अनुशंसा एवं रिट पिटिशन (सिविल) सं०– 643/2015 में दिनांक–27.07.2022 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में वित्त विभागीय संकल्प सं०–9154, दिनांक–28.09.2022 द्वारा बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों का दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से वेतन पुनरीक्षण किया गया है।

2. द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की अनुशंसा के उपरान्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक–04.01.2024 को पारित आदेश के आलोक में वित्त विभागीय संकल्प संख्या–2140, दिनांक–28.02.2024 द्वारा बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को विभिन्न भत्तों/सुविधाओं की स्वीकृति दी गयी है। किन्तु यात्रा भत्ता के संबंध में द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन अयोग की अनुशंसा/न्यायिक आदेश नहीं रहने के कारण बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को यात्रा–भत्ता का पुनरीक्षण नहीं किया जा सका है। वर्त्तमान में न्यायिक सेवा के पदाधिकारी को वित्त विभागीय संकल्प संख्या–8383, दिनांक–14.08.2013 द्वारा विहित अपुनरीक्षित दर से यात्रा भत्ता अनुमान्य है, जिसे पुनरीक्षित वेतन संरचना के आलोक में यात्रा भत्ता की दर पुनरीक्षित/संशोधित किये जाने की आवश्यकता है।

3. राज्य सरकार के सरकारी सेवकों के लिए पुनरीक्षित वेतन संरचना के आलोक में वित्त विभागीय संकल्प संख्या–8044, दिनांक–11.10.2017 द्वारा यात्रा भत्ता की दर को संशोधित किया गया है। तदनुसार पुनरीक्षित वेतन संरचना के आलोक में बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए यात्रा हेतु दर एवं श्रेणी की अनुमान्यता निम्नवत् निर्धारित की जाती है।

**(क) वायुयान से यात्रा :–**

| क्र०सं० | वेतनस्तर | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | J-7 | Business Class |
| 2 | J-1से J-6 | Economy Class |

(ख) रेल द्वारा यात्रा :–

| क्र०सं० | वेतनस्तर | अनुमान्य श्रेणी (सभी ट्रेन) |
|---|---|---|
| 1 | J-1से J-7 | AC 1st Class |

(ग) सड़क से यात्रा :–

| क्र०सं० | वेतनस्तर | अनुमान्यता |
|---|---|---|
| 1 | J-1से J-7 | AC Bus/ AC Taxi/ AC Car |

(घ) वायुयान/रेल से यात्रा के बाद स्थानीय परिवहन के लिए अथवा बाध्यकारी परिस्थिति में सड़क से यात्रा हेतु निर्धारित दर :–

| क्र०सं० | वाहन का प्रकार | अनुमान्यता |
|---|---|---|
| 1 | AC Bus/ Bus | वास्तविक किराया |
| 2 | AC Taxi / Taxi | ₹ 24/km |
| 3 | Private Car | ₹ 20/km |

(ङ) दैनिक भत्ता के प्रयोजनार्थ शहरों का वर्गीकरण एवं श्रेणीवार अनुमान्य दैनिक भत्ता की दर :–

| वेतनस्तर | श्रेणी –X | श्रेणी –Y | श्रेणी –Z |
|---|---|---|---|
| J-6एवं J-7 | ₹ 7500 - होटल | ₹ 5000 - होटल | ₹ 4000 - होटल |
| | ₹ 1200 - सामान्य | ₹ 800 - सामान्य | ₹ 600 - सामान्य |
| J-1से J-5 | ₹ 4500 - होटल | ₹ 3500 - होटल | ₹ 2500 - होटल |
| | ₹ 1000 - सामान्य | ₹ 750 - सामान्य | ₹ 500 - सामान्य |

*नोट:– उपर्युक्त होटल दर आवासन एवं भोजन (Boarding and Lodging) पर व्यय की प्रतिपूर्त्ति की अधिसीमा है, बशर्त्ते कि वास्तविक अभिश्रव का समर्पण किया जाए। यदि सरकारी/अर्द्ध सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम के गेस्ट हाउस में रहने का व्यय 'सामान्य दर' से ज्यादा हो, तो वास्तविक अभिश्रव समर्पित करने पर उस राशि की प्रतिपूर्त्ति की जा सकेगी, परन्तु यह किसी भी परिस्थिति में 'होटल दर' से अधिक नहीं होगा।*

विश्वासभाजन

ह०/–
(रचना पाटिल)
सचिव (व्यय)

**ज्ञापांकः**–3ए–3–भत्ता–02 / 2025–__________ **/वि०** पटना, दिनांकः–__________

**प्रतिलिपिः**–महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, सभी विभाग / सभी विभागाध्यक्ष / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी / सभी आरक्षी अधीक्षक / सभी कोषागार पदाधिकारी / सभी जिला लेखा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह० / –**
**(रचना पाटिल)**
सचिव (व्यय)

**ज्ञापांकः**–3ए–3–भत्ता–02 / 2025–__________ **/वि०** पटना, दिनांकः–__________

**प्रतिलिपिः–महानिबंधक,** उच्च न्यायालय, पटना / **सचिव**, बिहार विधान सभा / **सचिव**, बिहार विधान परिषद्,बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह० / –**
**(रचना पाटिल)**
सचिव (व्यय)

**ज्ञापांकः**–3ए–3–भत्ता–02 / 2025–9286 **/वि०** पटना, दिनांकः–26/08/2025

**प्रतिलिपिः–प्रभारी पदाधिकारी**, वित्त वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग / **अवर सचिव**, वेतन निर्धारण शाखा, वित्त विभाग / **सिस्टम एनालिस्ट** (बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.8.25
**(रचना पाटिल)**
सचिव (व्यय)